उत्तर प्रदेश शासन
नागरिक उड्डयन अनुभाग
संख्या: 94/2022/1786/छप्पन-2022-54/2010
लखनऊ, दिनांक: 23 दिसम्बर, 2022

कार्यालय-ज्ञाप

नागरिक उड्डयन विभाग, उत्तर प्रदेश के अधीन एयरोनाटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0, लखनऊ में कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1535/छप्पन-10-26/08 टी0सी0, दिनांक 03 दिसम्बर, 2010 के द्वारा श्री भूपेन्द्र कुमार वर्मा को मुख्य प्रवक्ता के पद पर नियत मासिक पारिश्रमिक रूपए 41,000/- (रूपए इकतालीस हजार मात्र) पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 01 वर्ष की अवधि के लिए संविदा पर नियुक्त किया गया था। तदोपरान्त श्री भूपेन्द्र कुमार वर्मा, मुख्य प्रवक्ता की सेवाओं की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए उनकी संविदा सेवा अवधि वर्षानुवर्ष बढाई जाती रही। शासनादेश संख्या: 103/2021/1977/छप्पन-2021-54/2010 दिनांक 08 दिसम्बर, 2021 के द्वारा उनकी संविदा सेवा अवधि दिनांक 08 दिसम्बर, 2021 से आगामी 01 वर्ष (07 दिसम्बर, 2022 तक) के लिए बढ़ायी गई थी। निदेशक, एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा श्री भूपेन्द्र कुमार वर्मा, मुख्य प्रवक्ता की संविदा अवधि दिनांक 08 दिसम्बर, 2022 से आगामी 02 वर्ष के लिए बढाए जाने के लिए संस्तुति की गई है।

2- अत: निदेशक, एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0 लखनऊ के प्रस्ताव दिनांक 03 नवम्बर, 2022 पर सम्यक विचारोपरान्त श्री राज्यपाल एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, लखनऊ उ0प्र0 में मुख्य प्रवक्ता के पद पर कार्यरत श्री भूपेन्द्र कुमार वर्मा की संविदा अवधि दिनांक 08 दिसम्बर, 2022 से आगामी 01 वर्ष (अर्थात् 07 दिसम्बर, 2023 तक) के लिए वर्तमान में अनुमन्य नियत मासिक पारिश्रमिक रू0 1,03,900/- (रू0 एक लाख तीन हजार नौ सौ मात्र) पर बढ़ाए जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3- श्री भूपेन्द्र कुमार वर्मा से मुख्य प्रवक्ता के पद पर उनकी संविदा सेवा के सम्बन्ध में निदेशक, एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध-पत्र निष्पादित करके उसकी 01-01 प्रति उन्हें एवं शासन को उपलब्ध कराई जाएगी।

आनन्द कौशिक
अनु सचिव।

2/...

1. **यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है ,अत :इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।**

2. **इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट** ीजजचरूध्ैंदकमौण्नचण्हवअप्पद **से सत्यापित की जा सकती है ।**

पृ0सं0-94/2022/1786(1)/छप्पन-2022, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. निदेशक, एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि श्री भूपेन्द्र कुमार वर्मा, मुख्य प्रवक्ता से निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध-पत्र निष्पादित करके उसकी 01 प्रति अभिलेखार्थ शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2. श्री भूपेन्द्र कुमार, मुख्य प्रवक्ता, एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
3. महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0, प्रयागराज।
4. कोषधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5. वित्त नियंत्रक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
6. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7.
7. गार्ड फाइल

आज्ञा से,
आनन्द कौशिक
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1. **यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है ,अत :इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।**

2. **इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट** ीजजचरूध्ैंदंकमीण्नचण्हवअप्पद **से सत्यापित की जा सकती है ।**